>

Title: Need to provide adequate supply of power to Korba Parliamentary constituency of Chhattisgarh-Laid.

डॉ. चरण दास महन्त (कोरबा) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा देश भर के गांवों को विद्युतीकरण किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोरिया जिले के अंतर्गत भरतपुर ब्लॉक (जनकपुर) पूरे प्रदेश में एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां के निवासी दूसरे राज्य (मध्य प्रदेश) से बिजली प्राप्त करने के कारण बिजली की अत्यधिक कमी से त्रस्त है।

छत्तीसगढ़ के गठन से पूर्व अविभाजित मध्य प्रदेश में भरतपुर ब्लॉक के लिए बिजली की लाईन शहडोल जिले के जयनगर ब्लॉक से होकर गुजरती थी। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के पश्चात छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड के साथ भरतपुर को बिजली सप्लाई करने का अनुबंध किया गया जब तक कि सी.एस.ई.बी. स्वयं अपनी लाईन भरतपुर तक न बिछा ले।

इस अनुबंध के कारण कोरिया जिले को बिजली की सप्लाई के लिए मध्य प्रदेश पर पूरी तरह निर्भर रहना पड़ रहा है। जब भी मध्य प्रदेश में बिजली की कटौती की जाती है, कोरिया जिला भी पूरी तरह प्रभावित होता है। दो-दो, तीन-तीन दिनों तक बिजली गायब रहने की समस्या आम है। जबकि पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश बिना बिजली कटौती के लगातार बिजली से रोशन है, वहीं कोरिया जिले की जनता छत्तीसगढ़ सरकार के उदासीन रवैये के कारण बिजली कटौती सहने को मजबूर है। राज्य में संसाधनों की प्रचुरता एवं वित्तीय रूप से सक्षम होने के बावजूद भी कोरिया जिले की जनता भी राज्य सरकार के अनदेखी के चलते विकास से अछूती है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित किया जाये ताकि कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता भी आधारभूत विकास को प्राप्त कर सकें।